स्कवाड्रन लीडर को सम्मान दिया

झुंझुनूं। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के साथ हैलिकॉप्टर क्रेश में शहीद हुए जिले के घरड़ाना खुर्द निवासी स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव को तीन साल बाद भजनलाल सरकार ने एक सम्मान दिया है। दरअसल आठ दिसंबर 2021 को शहीद हुए कुलदीप सिंह राव की शहादत को चिर स्थायी बनाने के लिए गांव में एक स्टेडियम बनाने के साथ-साथ स्कूल के नामकरण की मांग उठ रही थी। स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव की तीसरी पुण्यतिथि पर जब विधायक राजेंद्र भांबू कार्यक्रम में गए तो उनके सामने भी यह मांग उठी। तब भांबू ने आश्वस्त किया था कि वे मुख्यमंत्री से इस मामले में बातचीत कर स्कूल का नामकरण जल्द करवाएंगे। आश्वासन के एक महीने के दरमियान ही भांबू ने इस मामले को लेकर 27 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। साथ ही इसके दो-तीन दिन बाद मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में भी इस बात को पूरी मजबूती के साथ रखा तो शिक्षा विभाग हरकत में आया। अब इस मामले में माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर ने आदेश जारी किए है। जिसमें उन्होंने पीएमश्री महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल घरड़ाना खुर्द का नाम स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव के नाम से करने के आदेश डीईओ मुख्यालय झुंझुनूं को दिए है।

दिनभर छतों पर गूंजता रहा वो काटा वो मारा

हर्षोल्लास के साथ मनाया मकर संक्रांति का पर्व

सीकर। अंचल में मकर संक्रति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सुबह से ही युवा और बच्चे छतों पर पतंगबाजी का युद्ध लड़ने के लिए अपने हथियार यानी पतंग डोर लेकर चढ़ गए और दूसरी पतंगों को निशाना बनाते हुए खूब वो मारा वो काटा किया। क्या बड़े क्या छोटे कोई भी पतंगबाजी के इस जुड़ाव से अपने आपको दूर नहीं रख पाया। शहर की हर एक छत पर लोग परिवार सहित पतंगबाजी का आंनद लेते रहे। देर रात तक पतंगबाजी का दौर यूं ही चलता रहा।

वहीं रात को शहर सितारों के माफिक दिखाई दिया, चिमनी वाली पतंगों से आसमान चमकता दिखाई दिया। रात को शहर के काले आसमान पर लाखों की संख्या में एक साथ चिमनी वाली पतंगे उड़ने से नजारा अलग ही देखने लायक रहा।

दान-पुण्य किया : अंचल में मंगलवार का दिन पतंगबाजों के नाम

■ **हर्षोल्लास के साथ मनाया मकर संक्रांति का पर्व**

रहा। युवाओं ने जहां जमकर पतंगे उड़ाई वहीं दिनभर दानपुण्य का भी दौर चलता रहा। इन सबके बीच प्रशासन की लाख कोशिश के बाद भी लोगों के बीच चाईनीज मांझे की पहुंच बनी रही। जिससे जिलेभर में कई स्थानों पर बड़े हादसे भी हुए। पतंगबाजी से जुड़े इस तरह के दर्जनों केस जिले के विभिन्न अस्पतालों में आए। अकेले एसके हॉस्पिटल की बात करें तो शाम तक बड़ी संख्या में घायलों का इलाज ट्रोमा सेंटर में किया गया।

कई पक्षी भी घायल हुए : पतंगबाजी की चपेट में आने से कई मूक पक्षी भी शिकार हुए बिना नहीं रह सके, यूं तो अंचल में कई दर्जनों पक्षी घायल हुए।लेकिन पशुपालन विभाग के अस्पताल तक कई घायल कबूतरों और अन्य पक्षियों को लोगों ने ईलाज के लिए पहुंचाया। वहीं शहर के तापड़िया बगीची के पास भी पशु चिकित्सालय और पशु कल्याण संगठन, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से घायल पक्षियों के इलाज के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। यहां पर दर्जनों घायल पक्षियों का इलाज किया गया। वहीं कई समाजसेवी लोगों, संस्थाओं, पक्षी प्रेमी उमेश माथुर ने मूक पक्षियों की सेवा की। लोग घायल पक्षियों को तापड़िया बगीची के पास लगाये गये शिविर में इलाज हेतु लेकर के आये, इस दौरान कई पक्षियों को बचा लिया गया, वहीं दर्जनों पक्षी मौत का षिकार भी हो गये।

इस दौरान शिविर में पशु चिकित्सक, कांतिप्रसाद पंसारी, राकेश लाटा, सुरेश अठावाल सहित पक्षी प्रेमी मौजूद रहे।लियो क्लब सीकर द्वारा को टैगोर स्कूल के पास, दीपांशु मित्तल के यहां पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब सचिव दीपांशु मित्तल ने बताया कि यह प्रतियोगिता अपने आप में अनोखी थी, जिसमें दो ग्रुप - लियो किंग और लियो क्वीन बनाकर रोमांचक पतंगबाजी की गई। प्रतियोगिता में लियो किंग विजेता रहे।मौसम ने भी पतंगबाजी का भरपूर साथ दिया, और पतंगों से आसमान गुलजार रहा। इसके साथ ही डांस, हाई टी और गेम्स जैसे अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शाम के समय सभी सदस्यों ने चिमनी जलाकर आकाश में छोड़ी और मकर संक्रांति को अलविदा कहा।इस मौके पर लायंस क्लब सीकर डायमंड अध्यक्ष लायन सज्जन अठावाल,लायन मेघा अग्रवाल, गोवर्धन मित्तल, पुनीत अग्रवाल, लियो स्नेहा खेतान, प्रियांशी खेतान,लियो जितेंद्र खेतान, लियो कृष्णा गोयल, मानस अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल, प्रियांक सहित अन्य क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

सीकर। पुलिस ने मंगलवार को 17 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़िता को नोट्स लेने के बहाने से बुलाया था और उसके साथ ज्यादती कर की। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

थानाधिकारी उमराव सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को पीड़िता ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया कि 12 जनवरी को वह अपने घर पर थी। खेत के पड़ोसी शंकर सिंह उर्फ लाला ने उसे कॉल किया और कहा कि उसके खेत पर आकर पढ़ाई के नोट्स ले जाए। पीड़िता पढ़ाई के नोट्स लेने के लिए जब शंकर के खेत पर गई तो लाला उसे वहां कमरे में ले गया। आरोपी शंकर उर्फ लालाल ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता वहां से जाने लगी तो आरोपी लाला ने धमकी दी कि यदि यह बात किसी को बताई तो जान से मार देगा और बदनाम कर देगा। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करके अनुसंधान शुरू किया। थानाधिकारी उमराव सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी के गांव में दबिश देकर आरोपी शंकर सिंह उर्फ लाला 21 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।

सार-समाचार

गरीबों को भोजन कराया

झुंझुनूं। छावनी बाजार में श्री गल्ला व्यापार संघ द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में गरीबों को भोजन कराया गया। सभी आगंतुकों जरूरतमंद गरीब लोगों को गरम पूड़ी, सब्जी एवं मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर श्री गल्ला व्यापार संघ अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, सचिव विपिन राणासरिया, कोषाध्यक्ष विनय सोलानेवाला, पूर्व अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, चंद्रप्रकाश टीबड़ा, अंकित चुड़ैलेवाला, सुभाषचंद्र ढेढिया, विवेक ढेढिया, श्यामसुंदर गुढावाला, दीपक मस्करा सहित अन्यजन उपस्थित थे।

कंबल वितरण किया

झुंझुनूं। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनूं के कार्यकर्ता के सहयोग से कंबल वितरण किया। मकर संक्रांति के अवसर पर ट्रस्ट के कार्यकर्ता मनोज कुमार ने अपने पिता की याद में और नारायण पांडे ने अपने माता पिता कि याद में एक नई पहल शुरु की गई है। मंगलवार को दोनों ने मिलकर 50 कंबल गरीब लोगों को उनके घर पर जाकर उनको वितरित की गई और साथ में ट्रस्ट के सहयोग से तिल के लड्डू भी बनाकर खिलाए गए। झुंझुनूं प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि आज हम दोनों कार्यकर्ता ने मिलकर कंबल वितरण के लिए नई पहल शुरू कर एक नया संदेश दिया है कि हर व्यक्ति को कुछ नया करना चाहिए। यह शुभ कार्य ट्रस्ट के कार्यकर्ता ममता कुमावत व सुधीर कुमार से करवाया गया। इस मौके पर नारायण पांडे और नरोत्तम कुमार मौजूद रहे।

पुण्य तिथि मनाई

झुंझुनूं। माई झुंझुनूं डॉट कॉम के संस्थापक केशरदेव तुलस्यान की धर्मपत्नी स्व. सुशीलादेवी तुलस्यान की पुण्य तिथि पर श्री गौपाल गौशाला में गौवंश को तुलस्यान परिवार द्वारा गुड़, तिल, अजवाइन, मैथी इत्यादि पौष्टिक खाद्य सामठी से बने हुए 255 किलो लड्डू की पांच श्री लड्डू सवामणी गौवंश को खिलाई गई। श्री गोपाल गौशाला में माई झुंझुनूं डॉट कॉम के सीएमडी डॉ. डीएन तुलस्यान, स्नेहलता तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, नेहा तुलस्यान, प्रिषा तुलस्यान ने गौमाता को उपरोक्त श्री गऊ लड्डू सवामणी खिलाई। डॉ. तुलस्यान ने बताया कि 14 साल पहले 14 जनवरी 2011 मकर सक्रांति के दिवस उनकी माताजी सुशीला देवी तुलस्यान धर्मपत्नी केशरदेव तुलस्यान का स्वर्गवास हुआ था। पुण्यतिथि पर हर साल गौसेवा व अन्य सामाजिक सरोकार निभाकर उन्हें याद किया जाता है। इसके अलावा वर्षभर भी उनकी याद में जरूरतमंदों की सेवा की जाती है।

विशाल भंडारे का आयोजन

झुंझुनूं। राणी सती रोड चूणा चौक में चूणा चौक विकास समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित के अध्यक्षता में व कालूराम तुलस्यान, भाजपा नेता महेश बसावतिया, एडवोकेट सुशील जोशी के आतिथ्य में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लड्डू, पकौड़ी, पूरी सब्जी के साथ सुशील कुमार बाक्याण के सौजन्य से चप्पल जूते एवं महेश बसावतिया के सौजन्य से साड़ी वितरित की गई। जिसमें सैंकड़ों की तादाद में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ठाहण किया। इस अवसर पर अशोक तुलस्यान, उमाशंकर महमियां, रामचंद्र पंसारी, शुभकरण चौपदार, सुरेंद्र शर्मा, रामगोपाल महमियां, डॉ. डीएन तुलस्यान, गोपीराम पुरोहित, विनोद पुरोहित, हितेश शर्मा, नरेश पुरोहित, दिवाकर शर्मा, कृष्ण कुमार पुरोहित, अशोक कुमार सुलतानिया, एडवोकेट नीरज शर्मा, रामरतन पंसारी, सुभाष पारीक, रविशंकर पुरोहित, रविंद्र चौमाल, किशन छक्कड़, लक्ष्मीकांत पुरोहित, नरेंद्र ढाणीवाला आदि ने सेवाएं दी।

सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस मनाया

झुंझुनूं। जिला मुख्यालय समेत जिले के अन्य इलाकों में मंगलवार को नौवां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम शहीद स्मारक में हुआ। जहां पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अर्नाल अनिल पूनियां व झुंझुनूं तहसीलदार महेंद्र मूंड के साथ-साथ मौजूद पूर्व सैनिकों, सैनिकों, शहीद परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने शहीद वेदी पर पुष्प चक्र अर्पित कर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनियां ने बताया कि आज नौवां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक स्थित शहीद वेदी पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके बाद सूचना केंद्र सभागार में शहीद वीरांगनाओं और शौर्य पदक विजताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वीरांगनाओं, विभिन्न पदक विजेताओं एवं वयोवृद्ध गौरव सैनिकों का सम्मान किया गया।

दिनभर दान पुण्य चला

सुलताना। भगवान सूर्य के उत्तरायण में आने के पर्व पर दिनभर दान पुण्य का दौर चला। सुबह लोगों ने मंदिरों में दर्शन किए। उसके बाद गौशालाओं में जाकर गायों को चारा खिलाया। कस्बे में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीमेंट रोड पर भामाशाह गजानंद अठावाल, अशोक अठावाल, पुष्पाहास अठावाल, सज्जन अठावाल, जगदीश अठावाल के सौजन्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। नवल गोयनका ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 200 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर करनी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह शेखावत, रणवीर लांबा, निरंजन सिंह, जयनारायण पूनियां, करण सिंह नेहरा, प्रदीप सिंह शेखावत, किशोर सिंह शेखावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

समिति ने किया जनसंपर्क

झुंझुनूं। 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति के आ ान पर मंगलवार को देवगांव व सांगासी मांडासी पंचायत के किसानों ने मकर सक्रांति के दिन प्रशासन का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पहले समिति के सदस्यों ने 20 जनवरी के कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन को लेकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान महावीर देवगांव व भवरसिंह मांडासी ने किसानों से आ ान किया कि सभी एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पर हल्ला बोल प्रदर्शन में हिस्सा लेकर प्रशासन को चेतावनी दें कि अगर समय रहते किसानों की नहीं सुनी गई तो किसान आर पार की जंग भी लड़ना जानता है। जनसंपर्क के दौरान सतीश पूनियां व विजेंद्र कुलहरि ने कहा कि आने वाला समय किसान के लिए बड़ी चुनौतियों भरा है। कांठोस व बीजेपी के नेतृत्व वाली हर सरकार किसानों से केवल वोट लेना जानती है।

मकर संक्रांति पर अन्न व बांटी कंबलें

झुंझुनूं, 14 जनवरी। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व पर स्थानीय पुराना बस स्टैंड समीप मित्तल कॉलोनी स्थित श्रीमती चंदादेवी नरोत्तमलाल जालान निवास के सामने नोहरे में सोमवार को सायंकाल तक स्वर्गीय नरोत्तमलाल जालान की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजन के सौजन्य से जरूरतमंदों के लिए अन्नक्षेत्र लगाकर उन्हें बैठाकर भोजन प्रसाद खिलाया गया एवं कंबल वितरण किए गए। अतिथियों द्वारा गरम पूड़ी, सब्जी और लड्डू वितरित कर अन्नक्षेत्र एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व बतौर अतिथि उपस्थित डीएसओ कपिल झाझड़िया, यातायात प्रभारी हरफूलसिंह मीणा, दानदाता परिवार के उमेश जालान, दिनेश जालान, चंदादेवी जालान, सविता जालान, कशिश जालान का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। यातायात प्रभारी हरफूल सिंह मीणा ने अपने उद्बोधन में आयोजक संस्था एवं जालान परिवार द्वारा आयोजित अन्य क्षेत्र एवं कंबल वितरण कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने की भी जानकारियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का पालन करने से व्यक्ति की सुरक्षा तो होती ही है साथ ही नियमों का पालन व्यक्ति का कर्तव्य भी है। इस अवसर पर उपस्थित श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, सुनील तुलस्यान, अठावाल समाज समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अठावाल, मुकेश गुप्ता हलवाई, अमित जगनानी एवं अन्यजन ने सेवा कार्य में सहयोग किया।

23 प्रतियोगिताओं का आयोजन

झुंझुनूं, 14 जनवरी। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य मुख्यालय उदयपुर द्वारा 10 जनवरी से 14 जनवरी तक आचार्य कुलम शिक्षण संस्थान जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोवर मूट रेंजर मीट में लघु राजस्थान का समागम देखने को मिला।

ट्रेनर नीरज कुमार ने बताया कि मूट मीट में विभिन्न प्रकार कि 23 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय नवलगढ़ नें ठ्रुप स्तर पर रोवर क्रू रेंजर टीम रिकॉर्ड में द्वितीय स्थान और रंगोली प्रतियोगिता में रेंजर खुशबू सैनी और रेणु कंवर नें तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रोवर मूट रेंजर मीट में भाग लेने वाली टीम में रेंजर खुशबू सैनी, तमन्ना कुमावत, संतोष कुमारी, रेणू कंवर, रवीना खीचड़, मेनका सैनी, अंकिता सैनी, पंकज कुमारी, पायल फगेड़िया, प्रियंका कुमारी, दीपिका बिर्ख, रोवर पंकज सैनी, मोहम्मद आवेश, आदित्य मीणा, योगेश भौकल और रवि मीणा आदि थे।

युवती के अपहरण के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर ग्रमीणों में आक्रोश

खेतड़ी, (निसं) खेतड़ी थाना क्षेत्र के बीलवा से कुछ दिन पहले युवती के अपहरण के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर ग्रामीणोंमें आक्रोश पनप रहा है।

मंगलवार को बीलवा के ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने एक सप्ताह का समय लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन देने पर ग्रामीणोंद्वारा धरना उठाया गया। विरोध कर रहे ग्रामीणोंने बताया कि बीलवा से पांच जनवरी को एक युवती का डिआई गाड़ी में डालकर कुछ युवक अपहरण कर ले गए थे। इस संबंध में युवती के चाचा की ओर से नामजद थाने में मामला दर्ज करवाया गया। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तथा कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं की। कार्रवाई नहीं होने पर युवती के परिजनों ने थानाधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने आरोपियों का सुराग बताने के लिए कहा। जिस पर युवती के परिजनों ने बीकानेर में रहकर आरोपियों की मदद करने वाले व वारदात में शामिल आरोपियों के बारे में जानकारी भी दी गई। जिस पर पुलिस ने उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की बजाय केवल पुछताछ कर छोड़ दिया तथा वारदात के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में जहमत नहीं उठाई। ग्रामीणोंने बताया कि वारदात के दौरान काम में ली गई डीआई जीप अनिल गुर्जर सिलाटी की है जो घटना के समय मोडकी गांव में देखी गई थी वह वर्तमान में हरियाणा के खैरोली गांव में है। पुलिस को ग्रामीणोंकी ओर से अपराधियों के बारे में पुरी जानकारी देने के बावजूद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। वारदात के आरोपी गिरफ्तार नहीं होने पर ग्रामीणोंमें पुलिस के खिलाफ विरोध उत्पन्न हो गया। इस दौरान ग्रामीणोंने थाना परिसर में धरना देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की तथा जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान डीएसपी जुल्फीकार अली ने ग्रामीणोंसे समझाइश कर सात दिन में आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया तो ग्रामीण सहमत हो गए। डीएसपी के आश्वासन के बाद ग्रामीणोंने थाने में चल रहा धरना उठा लिया गया। इस मौके पर महावीर सिंह, सोहनराम, भोलाराम, शंकरलाल, भानाराम, रामजीलाल, सुल्तान, सुंडाराम, रामेश्वर, संतराम, मालाराम, रोहिताश, पप्पू, मदनलाल, रामसिंह, लक्ष्मण सिंह, गुलझारी लाल, जगदीश, पितराम, नरेश कुमार, बाबूलाल, सुवाराम, मुलचंद, विद्याधर, रोहिताश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

चाइनीज मांझे पर कार्रवाई फौरी साबित

खेतड़ी , (निसं) खेतड़ी कस्बे में मकर संक्रान्ति के त्यौहार पर मंगलवार को प्रशासन की टीम चाइनीज मांझे पर कार्रवाई करने के लिए निकली। इस दौरान किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा नहीं मिलने पर प्रशासन की टीम को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों से चाइनीज मांझा नहीं बेचने की हिदायत दी है।

पालिका एसआई सुनील कुमार सैनी ने बताया कि सोमवार को चाइनीज मांझे से चिकित्सा विभाग का एक कर्मचारी घायल हो गया था, जिसका गला मांझे से कट जाने से 14 टांके लगाकर उपचार करना पड़ा। चाइनीज मांझे की बिक्री को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार सुनील

■ **फार्मासिस्ट का गला कटने का हुआ था हादसा**

कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर कस्बे में पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान प्रशासन को किसी भी दुकान पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नहीं मिला। जिस पर तहसीलदार ने व्यापारियों को सख्त हिदायत देते हुए चाइनीज मांझा पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि खेतड़ी कस्बे के मुख्य बाजार के अलावा गली मौहल्लों की दुकानों पर जांच की गई। इस दौरान सामने आया कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा खेतड़ी में दुसरे स्थानों से लाकर उपयोग में किया जा रहा है। इस दौरान किसी प्रकार की कोई संदिग्ध बिक्री नहीं होना पाई गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रशासन, पुलिस व नगरपालिका की ओर से गठित कर्मचारियों की टीम लगातार कस्बे में छापे मार रही है। यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सोमवार दोपहर को अपने घर से गौशाला जा रहे चिकित्सा विभाग के फार्मासिस्ट की गर्दन में चाइनीज मांझा उलझ गया था, जिससे उसकी गर्दन कट जाने से 14 टांके लगाकर उपचार किया गया।

महाकुंभ का अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन हुआ

झुंझुनूं। प्रयागराज महाकुंभ का अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन हुआ। इस स्नान पर्व पर सभी अखाड़ों के साधु-संत अपने तय समय पर संगम घाट पहुंचकर स्नान किया।

अखिल भारतीय निर्मोही अनि अखाड़ा श्री दादूपंथी महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास स्वामी बग्घी पर सवार होकर दादूराम सत्यराम के जयकारों के साथ अमृत स्नान के लिए पहुंचे। संगम पर अमृत स्नान किया। महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज बगड़, महंत नरोत्तमदास सीहा, महंत भवानीदास दादर बावड़ी जयपुर की ओर से श्री दादूदयाल अन्नक्षेत्र छावनी सेक्टर 18 में लगा है।

तबादला सूची जारी

झुंझुनूं। डीआईजी शरद चौधरी द्वारा मंगलवार को तीन अलग-अलग तबादला सूची जारी कर कुल 80 पुलिसकर्मियों को इधर-उधर किया गया। इनमें 11 एएसआई, 12 हैड कांस्टेबल तथा 57 कांस्टेबलों के नाम शामिल है।

डीआईजी शरद चौधरी द्वारा जारी की गई एएसआई की सूची में बगड़ में तैनात तथा एजीटीएफ के प्रभारी रहे एएसआई शेरसिंह फोगाट को एक बार फिर गाडाखेड़ा चौकी लगाया गया है। जो गाडाखेड़ा चौकी के प्रभारी के तौर पर कार्य करेंगे।

गाडाखेड़ा चौकी सिंघाना थानान्तर्गत आती है। वहीं 12 हैड कांस्टेबलों की सूची में खास बात यह है कि इनमें आठ नाम ऐसे है। जो पूर्व में कहीं अन्य जगह पर तबादले किए गए थे। लेकिन अब उन्हें बदलकर आठ हैड कांस्टेबलों को नई जगह पर स्थानान्तरित किया या है।

वहीं दो हैड कांस्टेबलों को उनकी पूर्व की जगह पर ही यथावत रखा गया है। वहीं 57 कांस्टेबलों की सूची में भी 18 कांस्टेबल ऐसे है। जिनका पूर्व में किसी अन्य जगह पर स्थानान्तरण किया गया था।

लेकिन उनकी एप्लीकेशन आने के बाद अब उन्हें नई जगह स्थानान्तरित किया गया है। वहीं तीन कांस्टेबलों का तबादला निरस्त करते हुए उन्हें पूर्व की जगह पर यथावत रखा गया है।

कई थानों के बदले जाएंगे प्रभारी! : डीआईजी शरद चौधरी द्वारा लगातार एएसआई, हैड कांस्टेबलों तथा कांस्टेबलों के तबादले किए जा रहे है। लेकिन लोगों की निगाहें एसआई और सीआई की सूची पर भी है।

एसआई और सीआई की सूची को जारी करने का अंतिम दिन बुधवार ही है। क्योंकि 15 जनवरी तक तबादले करने की छूट सरकार ने दे रखी है। इस सूची में आने वाले नामों के साथ कई थानों के प्रभारी भी बदले जाएंगे।

न्यूजीलैंड में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 32.80 लाख रुपए हड़पे

सीकर। सदर थाना इलाके में पांच लोगों को न्यूजीलैंड में नामी कंपनी में नौकरी लगाने के नाम पर करीब 32.80 लाख रुपए हड़प लिए हैं। आरोपी ने प्रति व्यक्ति आठ लाख रुपए लेने की बात कही थी। जयपुर में ऑफिस चलाने वाले एजेंट ने न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर ये रकम हड़पी और अब ऑफिस बंद कर दिया। पीड़ित आरोपी के घर जाते हैं तो उसके परिजन उन्हें धमकियां देते हैं। सीकर सदर थानाधिकारी इंद्रराज मरोड़िया ने बताया कि सुल्तान सिंह ने मामला दर्ज करवाया है। मामले के अनुसार करीब दो साल पहले उनके परिचित जयसिंह के साथ आरोपी विजयसिंह उनके घर पर आया था। आरोपी विजयसिंह ने कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। विजयसिंह ने सुल्तान सिंह से उनके सहित रिश्तेदारों के पांच पासपोर्ट ले लिए और कहा कि 7 दिन बाद उसके ऑफिस आ जाए। विजयसिंह ने अपना ऑफिस जयपुर में रेलवे स्टेशन के सामने होना बताया।

प्रति व्यक्ति आठ लाख रुपए लगने की बात कही- सुल्तान सिंह अपने रिश्तेदारों के साथ ऑफिस गए तो वहां विजयसिंह मिला। जहां उसने कहा कि वह उनको न्यूजीलैंड में एक नामी कंपनी में भेज देगा। वहां उन्हें दो लाख रुपए से कम नहीं मिलेगा। विजयसिंह ने कहा कि वह सबको न्यूजीलैंड भेजेगा। इसके बदले हर आदमी के आठ लाख रुपए लगेंगे। सुल्तान सिंह और उसके साथ अन्य चारों लोग विदेश जाने के लिए

■ **मोबाइल पर टिकट भेजकर कैंसिल होने का बहाना बनाया**

तैयार हो गए। एक बार सभी लोग गांव आ गए और फिर चार दिन बाद आरोपी विजयसिंह ने सभी को मेडिकल करवाने के लिए बुलवाया। जयपुर में मेडिकल में फिट होने के बाद सुल्तान सिंह सहित पांचों लोगों ने डेढ़-डेढ़ लाख रुपए दे दिए। आरोपी विजयसिंह ने सुल्तान सिंह सहित पांचों लोगों के न्यूजीलैंड की कंपनी कीवी फ्रूटी के ऑफर लेटर पर साइन करवा लिए।

32.80 लाख रुपए लेकर बोला टिकट कैंसिल हो गया: आरोपी विजय सिंह ने कहा कि अब ढाई-ढाई लाख रुपए और दे दीजिए। ऐसे में सभी ने कुल 12.50 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद विजयसिंह ने चेन्नई में मेडिकल करवाने को कहा। जहां विजयसिंह ने ससिदा नाम के युवक को 30 हजार रुपए दिलवाए। जिसने 30 दिन में टिकट आने की बात कही। 30 दिन बाद विजयसिंह ने मोबाइल पर टिकट भेज दी। फिर सभी से कुल 12.50 लाख रुपए और ले लिए। जब टिकट का समय आया तो सुल्तान सिंह अपने बाकी रिश्तेदारों के साथ दिल्ली जाने लगा। विजयसिंह ने कहा कि उनकी टिकट कैंसिल हो चुकी है और वह दोबारा टिकट बनवा देगा। आरोपी विजयसिंह ने कई बार इसी तरह मोबाइल पर टिकट भेजकर बाद में उसके कैंसिल होने के बहाने किए।

महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

खेतड़ी, (निसं) खेतड़ी उपखंड के नालपुर मे मंगलवार को लोकदेवता खेड़ा वालेबाबामंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं की ओर से गांव में कलश यात्रा भी निकाली गई।

कार्यक्रम आयोजनकर्ता सेठ रामसिंह बंसल ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से गांव में लोकदेवता खेड़ा वालेबाबाके मंदिर का निर्माण करवाया गया था, जिसमे प्रतिमाओं काप्राणप्रतिष्ठाकर नियमित पुजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की जाएगी।इस दौरान डीजे पर साथ महिलाओं ने प्रभात फेरी निकाली, जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर पर बात फेरी का स्वागत किया।

इसके बाद मंदिर परिसर में हवन में आहुति देकर राधावल्लभ शास्त्री, सुनील शास्त्री, मनोज शास्त्री के सानिध्य में मंत्र उच्चारण किए गए। पंडित राधावल्लभ शास्त्री ने कहा किप्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मन को शुद्ध करना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा करने से पुण्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गाय का दान करना भी मनुष्य जीवन में अति महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं सहकारी होना चाहिए।

नई ग्राम पंचायत बनाने को लेकर हुई बैठक

सूरजगढ़, 14 जनवरी। पंचायत समिति क्षेत्र सूरजगढ़ की ठ्राम पंचायत काजड़ा के राजस्व ठ्राम भापर को नवीन ठ्राम पंचायत बनाने की कवायद शुरू हो गई है। मकर संक्रांति के दिन भापर, कुम्हारों का बास, भोजाराम की ढाणी, नाथजी का कुआं व कालीरावणों की ढाणी को मिलाकर भापर को नवीन ठ्राम पंचायत बनाने को लेकर ठ्रामवासियों की बैठक हुई। आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी ने बताया कि बैठक में मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से भापर को नई ठ्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इस मौके पर वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि मनजीत सिंह तंवर भी मौजूद रहे। वर्तमान सरपंच मंजू तंवर ने भी भापर को नई पंचायत बनाने में ठ्राम पंचायत की ओर से सहमति प्रस्ताव पारित किया है। बैठक में भापर को नई ठ्राम पंचायत बनाने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और अनुभवी लोगों और युवाओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में भापर को नवीन पंचायत बनाने को लेकर प्रक्रिया श